पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की

स्वच्छ भारत बनाना गांधी जी का सपना था - राज्यपाल

गांधी जी ने स्वदेशी, स्वावलम्बन, स्वच्छता और ग्राम स्वराज की अवधारणा संचालित की - मुख्यमंत्री

दिनांकः 02 अक्टूबर, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गांधी जी की 150वीं जयन्ती के अवसर पर लखनऊ में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्वप्रथम सुबह हजरतगंज स्थित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने हजरतगंज स्थित गांधी आश्रम में गांधी जी की जयन्ती पर आयोजित कार्यक्रम एवं एनेक्सी स्थित लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

राज्यपाल श्री राम नाईक ने गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन अपने आप में विशिष्ट है। देश के दो महापुरूषों, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 लाल बहादुर शास्त्री की आज जयंती है। हमें केवल पुष्पांजलि तक सीमित न रहकर यह विचार करने की आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को आधुनिक ढांचे में कैसे आगे ले जा सकते हैं। गांधी जी की धारणा को स्वयं में जागृत करें। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जिस रामराज की स्थापना की कल्पना की थी उसे पूरा करने के लिये संकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिये अपना योगदान दें।

श्री नाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर दो वर्ष तक कार्यक्रम की जो रूपरेखा प्रस्तुत की है उससे देश को लाभ होगा। स्वच्छ भारत बनाना गांधी जी का सपना था। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के सपने को पूरा करने के लिये 'स्वच्छ भारत अभियान' की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि सबके उत्थान की शपथ लेकर हमें उनके सपनों को पूरा करना चाहिए।

राज्यपाल ने लाल बहादुर शास्त्री जी को याद करते हुए कहा कि जिस प्रकार से गांधी जी का आजादी की लड़ाई में अविस्मरणीय योगदान है उसी प्रकार से आजादी के बाद देश को विषम परिस्थितियों से निकालने के लिये शास्त्री जी का महत्वपूर्ण योगदान है। शास्त्री जी ने 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर सेना एवं किसानों को अपनी शक्ति का का परिचय देकर देश की रक्षा करने में सफलता हासिल की। शास्त्री जी के नेतृत्व में देश को नई दिशा मिली। उन्होंने कहा कि शास्त्री जी की सादगी, दृढ़ इच्छा शक्ति एवं सरल स्वभाव से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका है। गांधी जी ने स्वदेशी, स्वावलम्बन, स्वच्छता और ग्राम स्वराज की अवधारणा संचालित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ भारत गांधी जी का सपना था।

उन्होंने कहा कि उनके सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत बनाने का संकल्प लिया था जो आज एक अभियान बन चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री के संकल्प 'स्वच्छ भारत अभियान' के अन्तर्गत अब तक 99 प्रतिशत जिलों को ओ0डी0एफ0 मुक्त कर दिया है तथा शेष जनपदों में 30 नवम्बर तक कार्य पूरा हो जायेगा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश को स्वच्छता के लिये चयनित किया गया है जिसके लिये आज नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान केन्द्र सरकार गांधी जी के सपने को साकार करने के लिए खादी उत्पादों को बढ़ाने के लिए जन-आन्दोलन चला रही है। राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अतिथियों का सम्मान करने के लिये खादी के उत्पाद का ही प्रयोग किया जाये। राज्य सरकार 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से परम्परागत उद्योगों को बढ़ाने का भी कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी एवं स्वावलम्बन के लिए सरकार हर प्रकार से खादी एवं ग्रामोद्योग को बढ़ावा एवं सहयोग देगी।

राज्यपाल श्री राम नाईक और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांधी आश्रम हजरतगंज में चरखा भी चलाया। इस अवसर पर मंत्रिमण्डल के अन्य सदस्यगण व विशिष्टजन भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (379/4)

माता भगिनी पत्नी
ऐसी रुप अनेक ॥
स्त्री का सम्मान पर
होता रहते देव ॥